## खबर संक्षेप

### समाज सेवियों ने श्रमदान से बोरी-बंधान कर जल संवर्धन के लिए किया प्रेरित

छिंदवाड़ा। जल संचय अभियान के अन्तर्गत राज्य शासन के दिशा-निर्देशानुसार एवं छिन्दवाड़ा कलेक्टर हरेन्द्र नारायण के निर्देशन में विकासखंड-मोहखेड़ अन्तर्गत सेक्टर क्र-5 (लिंगा) के ग्राम-सिमरिकलों की नदी पर जन अभियान परिषद ब्लाक समन्वयक भवानीप्रसाद कुमरे की उपस्थिति में श्रमदान द्वारा बोरी-बंधान कार्य किया गया "जल संचय अभियान" की यह गतिविधि जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अन्तर्गत समाज कार्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के परामर्शदाता कैलाश सोनेवार एवं छात्र भागवन्द साहू के संयोजन से सम्पन्न किया गया। ब्लाक समन्वयक भवानीप्रसाद कुमरेने ग्रामीणों की सहभागिता की प्रशंसा करते हुए बतलाया कि हमें जन-भागीदारी से अधिक से अधिक बोरी-बंधान करना होगा जिससे कि भू-जल स्तर में बढ़ोत्तरी होने के साथ ही ग्रीष्मकाल के दौरान पशु-पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध हो सकेगा कार्य के पश्चात जलसंरक्षण की शपथ परामर्शदाता कैलाश सोनेवार द्वारा दिलाई गई।

### खड़े ट्रक से टकराई बाइक , युवक की मौत

परासिया :- मंगलवार रात करीब 10 : 15 बजे , खिरसाडोह कॉलेज के समीप खड़े एक ट्रक से बाइक टकराने से एक युवक की मौत हो गई। वह छिंदवाड़ा की ओर से आ रहा था। युवक 29 वर्षीय रविंद्र उइके दर्शन नगर बड़कुही का बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस 112 से घटना स्थल पहुंची। मामले में मर्ग कायम कर विवेचना जारी है।

### प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन 23 दिसंबर को

छिन्दवाड़ा। कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय छिन्दवाड़ा एवं शासकीय महाविद्यालय तामिया द्वारा संयुक्त रूप से प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन जिले के शासकीय महाविद्यालय तामिया में 23 दिसंबर 2025 मंगलवार को प्रातः 11 से शाम 4 बजे तक किया गया है। रोजगार मेले में ट्राइडेंट इंडिया लिमिटेड बुधनी कंपनी उपस्थित रहेगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन, समग्र आई.डी. (अनिवार्य) एवं संपूर्ण डॉक्यूमेंट/रिज्यूम के साथ निर्धारित तिथि व समय पर संस्था में उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ ले सकते हैं।

### निगम सभाकक्ष में हुई मेयर-इन-कौंसिल की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित

## स्वच्छता व्यवस्था के लिए 80 इलेक्ट्रिक वाहन और दो रोड स्वीपिंग मशीनों की खरीद को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा





नगर निगम की मेयर-इन-कौंसिल (एमआईसी) बैठक गुरुवार को महापौर विक्रम सिंह अहके की अध्यक्षता में आयोजित हुई। करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में कुल 32 प्रस्तावों पर चर्चा की गई, जिनमें से 31 प्रस्तावों को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। एक प्रस्ताव को कुछ सुधार और स्पष्टता के साथ अगली बैठक में पेश करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निगम आयुक्त प्रकाश चंद्र राय,श्रीमती प्रवीण जागेन्द्र अल्डक स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, श्रीमती नमिता मनोज सक्सेना लोक निर्माण एवं उद्यान विभाग, राहुल उईके योजना एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, संजीव (रंगू) यादव सामान्य प्रशासन विभाग, चंद्रभान देवरे वित्त एवं लेखा विभाग, प्रमोद शर्मा विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग, बलराम साहू राजस्व विभाग, श्रीमती शिल्पा राकेश पहाड़े शहरी गरीबी उपशमन विभाग, श्रीमती सुनीता विजय पाटिल यातायात एवं परिवहन विभाग, श्रीमती अरुणा मनोज कुशवाहा जलकार्य एवं सीवरेज विभाग, उपायुक्त कमलेश निर्गुणकर एवं उपायुक्त आर.एस. बॉथम सहित एमआईसी सदस्य मौजूद रहे।

स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुराने कचरा ढोने वाले वाहनों को हटाकर उनके स्थान पर 80 नए इलेक्ट्रिक वाहनों तथा दो रोड स्वीपिंग मशीनों के क्रय के प्रस्ताव को स्वीकृति मिली। इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से शहर में प्रदूषण नियंत्रण और डीजल खर्च में कमी आएगी।

बैठक में जामुनझिरी स्थित रिक्त शासकीय भूमि पर बस टर्मिनल और इंटीग्रेटेड टाउनशिप निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। 10 एकड़ भूमि में बस टर्मिनल, टू-व्हीलर एवं फोर-व्हीलर पार्किंग, 300 बस पार्किंग क्षमता और यात्रियों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं विकसित की जाएंगी। वहीं 15 एकड़ भूमि में सुव्यवस्थित टाउनशिप के विकास का निर्णय लिया गया है।

लगभग 200 करोड़ रुपये की लागत वाले इस प्रोजेक्ट से नगर निगम को 400 करोड़ रुपये की संभावित आय का अनुमान लगाया गया है। यह कार्य अर्बन चैलेंज फंड के माध्यम से किया जाएगा, जिसमें शासन द्वारा 25 प्रतिशत राशि प्रदान की जाएगी तथा शेष कार्य निकाय द्वारा स्वयं के व्यय, पीपीपी मॉडल, बॉण्ड या बैंक लोन के माध्यम से पूर्ण करने का प्रस्ताव है। इस प्रोजेक्ट को पांच वर्ष में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

एमआईसी बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 (बीएलसी) के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन सत्यापन उपरांत सूची अनुमोदन, चंदनगांव बोदरी पुल के पास हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से लगती व्यावसायिक भूमि के अधिकार अंतरण, नगर निगम निर्माण कार्य हेतु 97 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति, इमलीखेड़ा में नए फायर स्टेशन निर्माण, शहरी क्षेत्रों में परिवहन सुविधा मजबूत बनाने हेतु इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशन हेतु भूमि आवंटन, तथा कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत पात्र कर्मचारियों का पंजीयन भी स्वीकृत किया गया।

इसके अलावा जेल बगीचा क्षेत्र में गीता भवन जिसके अंतर्गत पुस्तकालय,नगर निगम कार्यालय स्थानीय दुकान केंद्र, सिटी सेंटर, ऑडिटोरियम, और कैफेटेरिया सहित विभिन्न सार्वजनिक सुविधाओं के निर्माण का भी निर्णय लिया गया।

पालिका मार्केट के प्रथम तल का आवंटन ऑफर निविदा के माध्यम से करने, भरतादेव पार्क के जीर्णोद्धार और संचालन को पीपीपी मॉडल पर देने तथा शहर के मुख्य मार्ग-चौराहों पर पिंक टॉयलेट और सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण व संचालन को भी मंजूरी दी गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आनंद एसोसिएट द्वारा किए गए निर्माण कार्य की छह बिंदुओं पर जांच पूर्ण होने तक भुगतान पर रोक लगाई जाएगी।

### तीन घायल, एक को किया गया रिफर

## 10 वीं के छात्रों पर बदमाशों ने किया पत्थरों से हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

18 दिसंबर को आरडी शाला में अध्ययनरत कक्षा 10 के 4 छात्रों कट मारने के विवाद पर कुछ बदमाश युवकों ने पत्थरों से हमला कर उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। एक छात्र को सिर पर गंभीर घाव के कारण नागपुर रिफर किया गया है। थाना प्रभारी अजय मरकाम द्वारा विवेचना उपरांत सख्त कारवाई का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्थरों के हमले में घायल छात्र विशाल कुमरे, सचिन धुर्वे, रविंद्र उईके और उज्वल भलावी ने बताया कि गुरूवार सुबह स्कूल जाने के दौरान उन्हें कुछ युवकों ने बाइक से कट मारा। इस कारण छात्रों और हिमांशी, तरूण, प्रेम और घनसु छात्रों का विवाद हो गया।


इसके बाद इन छात्रों ने शाला में विज्ञान का पेपर दिया, इसके बाद लौटते समय शाला के बाहर उक्त युवकों ने उन्हें घेरकर लात, घूसों और नुकीले पत्थरों से उन पर हमला कर दिया। इस हमले में 3 छात्रों को सिर और गले में चोटें आई और विशाल को सिर में गहरा घाव हो गया। हमले में घायल छात्रों को अस्पताल में भर्ती किया गया। विशाल के सिर तें 3 टांके लगाए गए और रक्त जमा होने के कारण उसे नागपुर रिफर किया गया है।

## कल भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर आयेंगे छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा। भारतीय जनता युवा मोर्चा की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का 20 दिसंबर दिन शनिवार को छिंदवाड़ा आगमन होने जा रहा है । युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप राणा ने बताया कि नवनियुक्त युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अपने दो-दिवसीय प्रवास पर छिंदवाड़ा आ रहे है । जिसमें प्रथम दिन भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में आयोजित नव मतदाता युवा सम्मेलन व सम्मान समारोह में सम्मिलित होंगे । इसके पश्चात युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर दोपहर 1 बजे भाजपा कार्यालय छिंदवाड़ा में युवा मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ परिचय बैठक में भाग लेंगे । इसके पश्चात भाजपा के वरिष्ठ नेता स्व. मानकचंद बज के निवास पर परिजनों से भेंट करेंगे व 2.30 बजे वार्ड क्र. 15 में एसआईआर व भाजपा डॉ. मोहन यादव सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने पर उपलब्धि व योजना हेतु बूथ में बैठक लेंगे । इसके पश्चात युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप राणा के निवास पर परिजनों से भेंट करेंगे । दोपहर 3.30 बजे अमरवाड़ा के लिए प्रस्थान करेंगे ।

## आबकारी विभाग की अवैध मदिरा निर्माण के अड्डों में दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



कलेक्टर के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में आज वृत्त अमरवाड़ा प्रभारी अधिकारी द्वारा सिंगोड़ी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिंडरई, तेंदनीमाल एवं अमरवाड़ा के ग्राम पिपरिया खुर्द में अवैध मदिरा विक्रताओं तथा मदिरा निर्माण के अड्डों में प्रभावी दबिश कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही में सबसे पहले ग्राम पिंडरई में खेतों के किनारे तलाशी लेने पर प्लास्टिक की कुप्पियों में रखा लगभग 800 कि.ग्रा. महुआ लहान बरामद कर अज्ञात प्रकरण कायम किया गया । इसके बाद ग्राम तेंदनीमाल में अलग-अलग मकानों की तलाशी लेने पर एक आरोपी मोनाई उइके के घर से 10 लीटर और ग्राम पिपरिया राजगुरु में ओमवती वर्मा के मकान से 25 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त कर मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1)क, च अंतर्गत प्रकरण कायम किया गया। इस दबिश कार्यवाही में वृत प्रभारी सुश्री वैशाली भगत, उप निरीक्षक सुश्री पूर्णिमा वरकड़े, आबकारी आरक्षक श्री श्याम शर्मा, सुश्री रवीना एवं अमरवाड़ा एवं सिंगोड़ी थाने का स्टाफ उपस्थित था।

### 550 कि.ग्राम महुआ लहान एवं 40 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब की गई जप्त

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशानुसार सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर.वैद्य के मार्गदर्शन में आज छिंदवाड़ा जिले में अवैध शराब विनिर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिये आबकारी वृत्त दमुआ के ग्राम घोड़वाडी खुर्द, चिकटबर्री, नंदन, सेमरकुही एवं दमुआ में अवैध शराब के अड्डों में दबिश दी गई, जिसमें 550 किलोग्राम महुआ लहान का सैंपल लेकर विधिवत नष्ट किया गया एवं 40 बल्क लीटर हाथ भट्टी महुआ निर्मित शराब जप्त आबकारी द्वारा कब्जे में ली गई। इस कार्यवाही में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000 की धारा 34(1) क तथा 34(1) च के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। इस कार्यवाही में आबकारी वृत्त प्रभारी अनिकेत पटेल, आबकारी आरक्षक एवं दमुआ थाना स्टाफ उपस्थित था।

## पूर्व विधायकों ने उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से की भेंट



चौरई। भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे एवं पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने राजधानी में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल से निवास में सौजन्य भेंटकर चौरई नगर एवं मोहखेड़ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की ।पूर्व विधायक श्री दुबे ने मांग पत्र सौंपकर चौरई नगर में सिविल अस्पताल की स्थापना हेतु मांग प्रमुखता से रखी और बताया कि क्षेत्र की जनसंख्या एवं भौगोलिक विस्तार को देखते हुए वर्तमान स्वास्थ्य सुविधाएं अपर्याप्त हैं जिसके कारण गंभीर रोगियों को उपचार हेतु जिला मुख्यालय अथवा अन्य बड़े शहरों की ओर जाना पड़ता है सिविल अस्पताल बनने से आपातकालीन सेवाएं, विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता, प्रसूति एवं शल्य चिकित्सा जैसी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर सुलभ होंगी इससे क्षेत्रवासियों को समय,धन एवं श्रम की बचत के साथ बेहतर उपचार मिल सकेगा ।उपमुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक द्वय की बातों को गंभीरता से सुनते हुए चौरई व मोहखेड़ क्षेत्र की जनहित से जुड़ी इस मांग को उचित बताते हुए स्वास्थ्य विभाग से प्रस्ताव का परीक्षण कराने और आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया ।

## नागरिकों की समस्याओं को लेकर आयुक्त से मिले गुलाबरा नगर मंडल 4 के पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

गुलाबरा नगर मंडल 4 अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया के नेतृत्व में गुरुवार को मंडल 4 के पदाधिकारियों ने नगर पालिक निगम आयुक्त चन्द्रप्रकाश राय से मुलाकात की। उन्होंने गुलाबरा नगर मंडल 4 के सभी वार्डों में नागरिकों द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की मांगों से आयुक्त को अवगत कराया। पदाधिकारियों ने आयुक्त चन्द्रप्रकाश राय को वार्डों में नियमित सफाई ना होने, बिगड़ी हुई पेयजल वितरण व्यवस्था और दूषित पानी सप्लाई से नागरिकों होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया ने आयुक्त से चर्चा के दौरान बताया कि नगर पालिक निगम द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में ठेकेदार द्वारा गुणवत्ता का ध्यान रखा जाये तथा निर्माण कार्यों के संबंध में स्थानीय नागरिकों द्वारा शिकायत किए जाने पर तुरंत जांच कराई जाए। आयुक्त चन्द्रप्रकाश राय ने पदाधिकारियों द्वारा बताई समस्याओं के जल्द निराकरण कराने और वार्डों में जारी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिए जाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल महामंत्री आशुतोष वाड़ीवा, अंकित तिवारी, उपाध्यक्ष ममता डोंगरे मोजूद रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में हुआ 467 मरीजों का इलाज, 7 को किया रेफर

### ग्राम छाबड़ी कला में लगा 93वां निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में 100 दिवसीय सेवा संकल्प और स्वास्थ्य की श्रृंखला में गुरूवार को भाजपा के उमरेठ मंडल के दूरस्थ अंचल के ग्राम छाबड़ी कला में 93वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ क्षेत्र के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों सहित अन्य अतिथियों के द्वारा किया गया। शिविर के दौरान कुल 467 लोगों ने अपना पंजीयन कराया, जिसमें सभी मरीजों का उपचार कर उन्हें निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। जांच के दौरान मिले 07 गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिये जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पगारा मण्डल अध्यक्ष मनीष सोनू यादव, शिवपुरी मण्डल अध्यक्ष देवी पाल, पटपड़ा मंडल अध्यक्ष राकेश बेलवंशी ने उद्बोधन दिया। उमरेठ मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद कुमरे ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर ने बदली दो नन्ही जिंदगियों की तक़दीर

### नीतेश ठकरिया : जब देखभाल बनी संजीवनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कहते हैं, "अगर इलाज समय पर मिल जाए, तो सबसे कमजोर शुरुआत भी मजबूत भविष्य में बदल सकती है।" जिले के विकासखण्ड हर्रई के सिविल अस्पताल के न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर (NRC) में ऐसी ही दो सच्ची कहानियाँ सामने आई हैं, जिन्होंने यह साबित कर दिया कि कुपोषण हार नहीं है, बल्कि सही देखभाल से जीती जा सकने वाली चुनौती है।

आंगनबाड़ी केंद्र धनखुदरा के नीतेश ठकरिया कभी गंभीर कुपोषण की स्थिति में थे। दुर्गम क्षेत्र में रहने के कारण स्वास्थ्य सेवाएँ समय पर मिलना मुश्किल था। भर्ती के समय नीतेश का वजन 8.5 किलोग्राम था। एनआरसी में नियमित उपचार, लगातार मॉनिटरिंग और मां को दी गई पोषण संबंधी काउंसलिंग से उसके स्वास्थ्य में लगातार सुधार हुआ। आज नीतेश का वजन 11.7 किलोग्राम है और वह SAM से बाहर आकर सामान्य स्थिति में पहुँच चुका है। यह बदलाव आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और एनआरसी टीम की अथक मेहनत का परिणाम है, जिसने समय रहते एक मासूम भविष्य को संवार दिया। आंगनबाड़ी केंद्र बीजाढाना की प्रिंसी अंगारिया स्वास्थ्य सुविधाओं से दूर एक दुर्गम क्षेत्र की बच्ची है। शुरुआत में परिवार अस्पताल आने को तैयार नहीं था, लेकिन निरंतर समझाइश और फील्ड वर्क के बाद प्रिंसी को एनआरसी में भर्ती कराया गया।

## दो दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आएंगे नकुलनाथ

छिन्दवाड़ा:- जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ का दो दिवसीय दौरे पर छिन्दवाड़ा आगमन होने जा रहा है। आगमन उपरांत वे पांढुर्ना में आयोजित विशाल किसान आंदोलन का नेतृत्व करेंगे साथ ही अन्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में सम्मिलित होंगे। पूर्व सांसद कार्यालय द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार नकुलनाथ का 22 दिसम्बर दिन सोमवार को प्रातः 11 बजे विशेष वायुयान से ईमलीखेड़ा हवाई पट्टी पर आगमन होगा। आगमन उपरांत वे दोपहर 12 बजे पांढुर्ना पहुंचकर किसान आंदोलन व रैली में सम्मिलित होंगे। अपराह्न 04 बजे रमेश बोड़खे के निवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार से भेंट कर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। तदोपरांत पांढुर्ना जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष पुनाराम बाविस्टाले के निवास देवी पहुंचकर शोकाकुल परिवार से भेंट कर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे तदोपरांत सांय 06 बजे जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे के निवास पहुंचकर शोकाकुल परिवार से भेंट कर शोक संवेदनाएं व्यक्त करेंगे। सांय 6.30 बजे नकुलनाथ का शिकारपुर आगमन होगा। 23 दिसम्बर को छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्ना जिले के आगंतुकों से भेंट करने के उपरांत जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्धारित कार्यकमों में सम्मिलित होने के पश्चात नकुलनाथ छिन्दवाड़ा से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

### जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में शामिल हुये सैकड़ों खिलाड़ी

## सांसद खेल महोत्सव में प्रतिभाशाली ग्रामीण खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभाएँ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फीट इंडिया अभियान के तहत छिन्दवाड़ा और पाण्ढुर्णा सहित प्रदेष और देष भर में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले में सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्षन में आयोजित हो रहे सांसद खेल महोत्सव में हजारों खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे है।

22 दिसंबर को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विष्वास सारंग की प्रमुख मौजूदगी में दषहरा मैदान में सांसद खेल महोत्सव का समापन रंगारंग क्रार्यक्रमों और विभिन्न खेल गतिविधियों के साथ किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि सांसद खेल महोत्सव का विगत एक माह से छिन्दवाड़ा एवं पाण्ढुर्णा जिले में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सर्वप्रथम ग्रामीण, भाजपा मंडल एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न खेल गतिविधियां आयोजित की गई। इसके बाद चयनित खिलाड़ी प्रतिदिन हजारों की संख्या में छिन्दवाड़ा मुख्यालय में आयोजित जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव में विभिन्न खेल गतिविधियों में शामिल हो रहे है। गुरूवार को भी छिन्दवाड़ा में स्थित खेल मैदानों और अन्य स्थानां में आयोजित हुई विभिन्न खेल गतिविधियों में सैकडों की संख्या में प्रतिभाषाली खिलाड़ी शामिल हुये। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत भारत भारती विद्यायल में युनुस खान और राषिद खान के मार्गदर्षन में नेटबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 3 विकासखण्डों के 180 खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष अंकुर शुक्ला, लोकतंत्र सेनानी दीनदयाल मोहने, भाजपा नेता दुष्यंत दुबे, श्रीमती रिंकी चौरसिया एवं श्रीमती भारती जैन थी।

### जवाहर ग्राउण्ड में हुआ क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत कलेक्ट्रेट के सामने स्थित जवाहर ग्राउण्ड में जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को आयोजित हुई क्रिकेट प्रतियोगिता में संयोजक संदीप मालवी और बिट्टू मंडराह के मार्गदर्षन में जिले के 10 भाजपा मंडलों की जूनियर एवं सीनियर टीमों ने भाग लिया। जिसमें फाइनल के लिए सीनियर टीम से ग्रामीण मंडल दमुआ एवं जूनियर टीम से जुन्नारदेव मंडल की टीम विजय रही। इस दौरान भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अंकित सोलंकी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मैंचों के निर्णायक के रूप में नीरज पिपले, एम.एल.भलावी, बी.पी.यादव, अमित कुमार मेहरा, अखिलेष तिवारी, रेवाराम बनवारी, केषव उईके, मोहित गोहिया प्रमुख रूप से उपस्थि थे।

## मेहरा डेहरिया समाज की महिलाओं की बैठक आयोजित

छिंदवाड़ाः मेहरा डेहरिया समाज जिला महिला प्रकोष्ठ की मासिक बैठक एवं मंगलम फैमिली रेस्टोरेंट मे महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष उमा डेहरिया की अध्यक्षता मे आयोजित की गई। बैठक मे आगामी 3 जनवरी 2026 को देश की प्रथम शिक्षिका, मां सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर प्रति वर्षानुसार,इस वर्ष भी हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। जानकारी देते हुये जिला सचिव महिला प्रकोष्ठ रैना हारले ने बताया किसावित्रीबाई फुले 3 जनवरी 1831 - 10 मार्च 1897 भारत की पहली महिला शिक्षिका, समाज सुधारक और कवयित्री थीं, जिन्होंने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर महिलाओं और दलितों की शिक्षा व अधिकारों के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया, 1848 में पुणे में भारत का पहला बालिका विद्यालय खोला, तथा विधवा विवाह और सामाजिक समानता को बढ़ावा दिया, प्लेग पीड़ितों की सेवा करते हुए वे स्वयं इस रोग से संक्रमित हुईं और 1897 में निधन हो गया, उन्हें महिला सशक्तिकरण की प्रतीक माना जाता है जयंती मनाने को लेकर मेहरा डेहरिया समाज की महिलाओं की बैठक मे महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष उमा डेहरिया , चंद्रा डेहरिया , छाया मेहरा ,सारिका डेहरिया , अनिता बम्हनिया , नेहा डेहरिया , कंचन डेहरिया,रैना हारले , रानू डेहरिया, ज्योति डेहरिया,मंजू डेहरिया , रोशनी डेहरिया ,कल्पना डेहरिया, रीना डेहरिया , ज्ञानवती बिहारे,गीता मेहरा आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

## शिव महापुराण कथा एवं नवदुर्गा पाटोत्सव को लेकर बनी विस्तृत कार्ययोजना

# श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर झुर्रेमाल में महिला समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



श्री सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर झुर्रेमाल में महिला समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से मंदिर प्रांगण में शिव महापुराण कथा आयोजन का निर्णय लिया गया। आयोजन को भव्य एवं सफल बनाने हेतु महिलाओं द्वारा घर - घर जाकर ग्रामवासियों को आमंत्रण देने की योजना बनाई गई ।महिला समिति द्वारा जानकारी दी गई , कि दिनांक 28 जनवरी 2026 को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

इसके पश्चात 29 जनवरी 2026 से शिव महापुराण कथा का अनवरत 7 दिवसीय वाचन प्रारंभ होगा ।कथा के दौरान प्रतिदिन प्रातः काल पूजन एवं सुबह 8:00 बजे से सामूहिक रुद्राभिषेक ,दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक शिव महापुराण कथा , संगीतमय कीर्तन एवं प्रवचन आयोजित किए जाएंगे।

महिला समिति ने बताया , कि 2 फरवरी को मंदिर में विराजमान मां नवदुर्गा भगवती का पाटोत्सव भी आयोजित किया जाता है , जिसके उपलक्ष्य में यह धार्मिक आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम की पूर्णाहुति 4 फरवरी को महाप्रसाद वितरण के साथ संपन्न होगी।

इस सात दिवसीय शिव महापुराण कथा के वक्ता आचार्य पंडित श्री क्षितिज महाराज (द्वारका शारदा पीठ) रहेंगे ।कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा महिला समिति अध्यक्ष वर्षा बनवारी द्वारा साझा की गई। इस अवसर पर समिति सचिव मीरा मेहंगिया सहित समिति की सक्रिय सदस्य —सरिता रावतेल , सविता बुनकर , इंद्रा तिवारी , मंजू चंद्रवंशी , सुनीता चंद्रवंशी , संध्या साहू , भारती श्रीवास्तव , ललिता चंद्रवंशी , हीरा चंद्रवंशी , चीरावति इनवाती , सोनिया डेहरिया , तरुण सल्लाम , मीनाक्षी धुर्वे , मधु धुर्वे , चंदा धुर्वे , पुष्पा कैथवास , शैलकुमारी उइके , दिशा सिंह , लता कराडे , सविता सहित सभी महिलाओं ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने हेतु कार्ययोजना तैयार की। महिला समिति ने ग्राम के समस्त नागरिकों से धार्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है।

## स्वच्छता टीम ने किया स्कूल का सर्वे

**छिंदवाड़ा।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित स्वच्छ वार्ड रैंकिंग प्रतियोगिता के तहत गुरुवार को स्वच्छ स्कूल श्रेणी में बालाजी पब्लिक स्कूल का सर्वेक्षण किया गया। यह सर्वे निगम कमिश्नर सीपी राय एवं महापौर विक्रम अहाके के मार्गदर्शन में स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के साथ नगर पालिक निगम की स्वच्छता टीम द्वारा किया गया।सर्वेक्षण के दौरान बालाजी पब्लिक स्कूल परिसर की साफ-सफाई, कक्षा कक्षों की स्वच्छता, विद्यालय परिसर में गीला–सूखा कचरा पृथक्करण व्यवस्था, डस्टबिन की उपलब्धता, शौचालयों की स्वच्छता, हैंडवॉश एवं पेयजल सुविधाएं, साथ ही विद्यार्थियों में स्वच्छता संबंधी जागरूकता का आकलन निर्धारित स्वच्छता मानकों के आधार पर किया गया।इस अवसर पर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन ने विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं विद्यालय प्रबंधन को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा दैनिक जीवन में स्वच्छ आदतें अपनाने, सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग न करने एवं कचरा पृथक्करण को नियमित रूप से अपनाने का आह्वान किया ओर सभी को स्वच्छता की शपथ दिलाई।सर्वे के दौरान विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्राचार्य नायडू मैडम द्वारा स्वच्छता को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई तथा आवश्यक सुधार बिंदुओं पर मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा किए जा रहे ऐसे सर्वेक्षणों का उद्देश्य विद्यालयों में स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर वातावरण सुनिश्चित करना तथा भावी पीढ़ी में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करना है।

## जैविक बाजार का शुभारंभ, आमजन को मिलेगी रसायन मुक्त पौष्टिक खाद्य सामग्री



**पांढुर्ना।** आज 18 दिसंबर को जयस्तंभ चौक के बाजू में स्थित साप्ताहिक हाट बाजार में जैविक हाट बाजार का शुभारंभ हुआ। फर्क इतना है कि परंपरागत हाट बाजार हर शुक्रवार को लगता है लेकिन जैविक हाट बाजार हर गुरूवार को लगेगा। इस हाट बाजार का शुभारंभ कलेक्टर नीरज वशिष्ठ, डीआईजी राकेश सिंह, पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश, उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड तथा नगरपालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने स्पष्ट किया कि इस बाजार में जैविक उत्पादन के लिए शासन के पास रजिस्टर्ड लोगों द्वारा ही उत्पाद बेचे जाएंगे। कलेक्टर महोदय ने जिले के समस्त जैविक उत्पादन करनेवाले कृषकों से अपील की है कि वे प्रत्येक गुरूवार को अपने जैविक उत्पाद हाट बाजार में लाकर विक्रय करें। आमजनता को स्वस्थ्य एवं पौष्टिक भोजन पलब्ध कराने तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिले में जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार चालू करने के निर्देश दिए थे। आज के जैविक/प्राकृतिक हाट में जिले के 22 किसानों ने अपने जैविक/प्राकृतिक उत्पाद विक्रय के लिए लाए थे। इसमें जैविक सब्जियां, दूध, मोगरा, देशी बलहर, देशी मटर, मेथी, पालक, टमाटर, बैंगन, मिर्च, तुआर दाल, मोट, खडी तुअर, ज्वार, मक्का, घी, जैविक हल्दी, देशी केला, चकोतरा नींबू तथा संतरा शामिल रहे। इस अवसर पर एसडीएम अलका एक्का, राजू जैसवाल जिला भारतीय किसान संघ अध्यक्ष, प्रदीप खवसे, आशीष पराडकर, नगर मंडल अध्यक्ष बंटी छगानी, जिला खाद बीज संघ अध्यक्ष निकेश खानवे, सीताराम कोरडे उपाध्यक्ष जिला भाजपा, अनील कुमरे जिला महामंत्री भाजपा, अजय चौरे पूर्व विधायक, एसडीओ अर्चना डोंगरे सहित अन्य उपस्थित रहे।

## थानास्तर पर ही लोगों को न्याय मिले, एसडीओपी और एसपी के पास ना जाना पडे - डीआईजी राकेश सिंह



**पांढुर्ना।** आज डीआयजी राकेश सिंह ने पांढुर्ना पुलिस थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। एसपी सुंदर सिंह कनेश एवं एएसपी नीरज सोनी ने थाना परिसर में उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पुलिस दल ने आकर्षक परेड के माध्यम से डीआयजी को सलामी दी। डीआयजी ने पुलिस वाहनों एवं थाना के रक्षा उपकरणों का भी निरीक्षण किया। डीआयजी ने अपने संबोधन में अधिकारियों एवं सिपाहियों से कहा कि थाना वाले की शिकायत थाना स्तर पर ही सुलझनी चाहिए उसे एसडीओपी से मिलने के लिए मजबूर ना होना पडे और एसडीओपी के पास आए हितग्राही को एसपी से मिलने के लिए मजबूर ना होना पडे ऐसी पुलिसिंग को प्राथमिकता देनी चाहिए। डीआयजी के समक्ष एसपी महोदय ने एसपी, एएसपी और आरआई के पदों को स्वीकृत करने, अजाक थाना एवं महिला थाना को स्वीकृत कराने की मांग की। इसके सिवाय महिला इंस्पेक्टर, हाईवे पर सुरक्षा एवं यातायात के लिए अतिरिक्त बल की मांग की। डीआयजी राकेश सिंह ने कहा कि नया जिला है इसलिए समस्यांए जादा है, भविष्य में शीघ्र ही पुलिस बल की कमी दूर की जाएगी।

# राशन के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण, तहसीलदार को पत्र सौंप कार्यवाहीं की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



शासकीय उचित मूल्य दुकान में ग्रामीणों को राशन न मिलने की शिकायत लेकर ग्रामीण जन तहसीलदार के पास पहुंचे जहां पर ग्रामीणों द्वारा शिकायत की गई की जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत तेलीबट में राशन दुकान संचालक द्वारा ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की की बीते 6 माह से उन्हें समय पर राशन उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

बीते दो माह से तो ग्रामीणों को राशन ही प्रदान नहीं किया गया है, जिसके चलते ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा पत्र के माध्यम से बताया गया कि हर माह राशन दुकान संचालक द्वारा उनसे फिंगर मशीन में फिंगर लगवाए जा रहे हैं परंतु राशन नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाए हैं कि उन्हें ग्राम ग्राम पंचायत तेलीबट से लगभग 8 किलोमीटर दूर ग्राम तुमड़ा में राशन के लिए बुलाया जा रहा है, किंतु घंटे बैठाने के बाद वहां से अभद्रता कर वापस लौटा दिया जा रहा है।

इसके चलते ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों ने तहसीलदार से उचित कार्यवाही का निवेदन किया है।ज्ञापन सौंपने के दौरान ग्राम पंचायत के ग्रामीण प्रेम सिंह, गुड्डू, लीला, लक्ष्मी, शारदा, श्यामवती, धनवती, मंतलाल, कमला, बलिराम, रामा, अटल सिंह, दीपा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## कालेज चलो अभियान के अंतर्गत संपर्क अभियान

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ द्वारा कालेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामपुर एवं शासकीय उच्चतर विद्यालय राखी कोल में संपर्क अभियान आयोजित किया गया। यह अभियान प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।इस अवसर पर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व, महाविद्यालय में उपलब्ध पाठ्यक्रमों, प्रवेश प्रक्रिया, छात्रवृत्ति योजनाओं के साथ-साथ नई शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख विशेषताओं की जानकारी दी गई। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत बहुविषयक शिक्षा, लचीली पाठ्यक्रम संरचना, क्रेडिट प्रणाली, कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुख शिक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शासकीय महाविद्यालय दमुआ में संचालित पाठ्यक्रमों की जानकारी दी गई, जिनमें बी.ए., बी.एस.सी., बी.काम तथा स्नातकोत्तर स्तर पर हिंदी, अर्थशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान विषयों के कोर्स शामिल हैं। साथ ही छात्रों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की भी जानकारी दी गई, जिससे वे शिक्षा एवं स्वरोजगार से संबंधित लाभ प्राप्त कर सकें।कालेज चलो अभियान में डॉ. दिलीप ढोबाले, दिनेश इवनाती, नीरज कुमार सल्लाम एवं राजकुमार कुशवाहा सक्रिय रूप से सहभागी रहे।

# नगर पालिका परिषद ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



**जुन्नारदेवः** नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्य जारी है। जिसकी गुणवत्ता जांच करने के लिए आज नगर पालिका का एक दल निर्माण स्थल पर पहुंचा। जहां उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच करते हुए संबंधित ठेकेदार को निर्देश भी दिए। तथा समय सीमा में कार्य पूर्ण करने को कहा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसारवार्ड नंबर 9 एवं 11 में पेपर ब्लॉक सड़क निर्माण का निरीक्षण करने मुख नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे वार्ड पार्षद संजय जैन अपील समिति सदस्य सभापति एवं वार्ड 9 के सभापति अमित का निरीक्षण करते हुए संबंधित एजेंसी को निर्देशित कर कर की गुणवत्ता एवं वार्ड में किए गए अतिक्रमा को अलग करने के निर्देश दिए।वार्ड नंबर 12 में नाली निर्माण का निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता एवं अन्य निर्देश ठेकेदार को दिए। कार्यस्थल पर निकाय के सब इंजीनियर अनुराग सरिया हर्ष सूर्यवंशी वार्ड पार्षद राजेंद्र सूर्यवंशी एवं वार्ड वासी उपस्थित है।

# कालेज चलो अभियान के तहत शासकीय महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने नेवरगावॅ वा एवं बडग़ॉव ला के विद्यालयों में बच्चों से किया संपर्क






वारासिवनी।

मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 'कॉलेज चलो अभियान' शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय वारासिवनी में सत्र 2026-27 के अन्तर्गत महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 एस0 एस0 गेड़ाम के मार्गदर्शन में 'कॉलेज चलो अभियान' के अन्तर्गत महाविद्यालय के डॉ0 अनिरूद्ध सिंह काकोडिय़ा सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र एवं डॉ0 मनोज गजभिये अ0वि0 रसायन शास्त्र द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नेवरगांव वा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बडग़ांव में जाकर छात्र-छात्राओं से संपर्क स्थापित किया गया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 12 वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को नवीन शिक्षा नीति के अन्तर्गत पाठ्यक्रम, मेजर, माइनर एवं अन्य विषयों का चयन, अन्य शैक्षणिक गतिविधियॉं, छात्रवृत्तियॉं, योजनाएॅं, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी दी। इस संपर्क का उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश से लेकर परीक्षा तक की जानकारी देना था, जिससे छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश लेते समय किसी भी प्रकार की कोई समस्या ना हो। महाविद्यालय में प्रवेश से संबंधित हेल्प डेस्क स्थापित की गयी है, जिससे उन्हें प्रवेश से संबंधित होने वाली समस्याओं के साथ अन्य प्रकार की समस्याओं का भी निराकरण किया जा सके। महाविद्यालय द्वारा अन्य उच्चतर माध्यमिक शालाओं में समय-समय पर संपर्क स्थापित किया जायेगा, जिसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को उनके अध्ययन एवं कॅरियर में आने वाली समस्या का समाधान करना है।

# मरार माली समाज ब्लॉक वारासिवनी के चुनाव सम्पन्न

## अशोक मरार ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचित



**वारासिवनी।** मरार माली समाज ब्लॉक वारासिवनी के चुनावों के लिए सामाजिकजनों की आम सभा राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले सामाजिक, सांस्कृतिक भवन वार्ड नम्बर 6 वारासिवनी में आयोजित की गई। इस चुनाव के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 3 पर्यवेक्षकों क्रमशः अनिल मानेश्वर, बैजनाथ कावरे एवं पांचे जी को मनोनीत किया गया था।

**3 उम्मीदवारों के बीच हुआ मुकाबला-** पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया दोपहर 2 बजे प्रारंभ की गई। जिसमे ब्लॉक अध्यक्ष पद हेतु 4 व्यक्तियों क्रमशः अशोक मरार, विनोद मात्रे, राजकुमार कावरे एवं लिखीराम जमरे द्वारा नामांकन पत्र जमा किए गए। पर्यवेक्षकों द्वारा नामांकन पत्रों की जॉच में सभी नामांकन पत्र सही पाये गए। जिसके बाद पर्यवेक्षकों ने सभी अभ्यर्थियों को आपसी समझौता करने का अवसर दिया। लेकिन इसमें सिर्फ लिखीराम जमरे द्वारा अपना नामांकन पत्र वापस लिया गया। इस प्रकार 3 अभ्यर्थियों के शेष रहने पर उनके बीच चुनाव करवाया गया। जिसमें उपस्थित सभी सामाजिकगणों ने मतदान में भाग लिया।

**जिला पदाधिकारी के लिए पॉच लोग हुए निर्विरोध निर्वाचित-** मतदान के बाद की गई मतगणना में सर्वाधिक मत अशोक मरार को प्राप्त होने पर पर्यवेक्षकों द्वारा उन्हें अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। उसके बाद जिला प्रतिनिधियों के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। जिसमें 8 व्यक्तियों द्वारा नामांकन पत्र भरे गए, नामांकन पत्रों की जॉच में सभी फार्म सही पाए गए। लेकिन दो नामों क्रमशः कचरुलाल पंचतिलक व डोमाजी नागेश्वर के नामांकन पत्र पर बी पी पंचेश्वर द्वारा आपत्ति लेते हुए बताया कि वह दोनों मरार माली ब्लॉक महासभा के पदाधिकारी है, जो कि समानांतरण संगठन है। समानांतर संगठन के पदाधिकारी होने के कारण चुनाव निर्वाचन की नियमावली के तहत दोनों के नामांकन पत्र निरस्त कर दिए गए है। वहीं एक अन्य अभ्यर्थी बी पी पंचेश्वर द्वारा अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया गया। जिससे चुनाव मैदान में सिर्फ 5 उम्मीदवार क्रमशः राजकुमार चौधरी, सरस्वती पंचेश्वर, अनिल कावरे, राजकुमार दांदरे व अन्नू भंवरे रह गए।

## विद्युत मंडल के पेंशनरों ने राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस मनाया

# मुख्यमंत्री को भेजा दो सूत्रीय मांगों का ज्ञापन

वारासिवनी।



मध्य प्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन बालाघाट द्वारा राष्ट्रीय पेंशनर्स दिवस मनाया गया, इस मौके पर सभी उपस्थित पेंशनर्स एवं फैमिली पेंशनर्स को पेंशनर्स दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए पेंशनर्स दिवस के संबंध में सभी पेंशनरों को जानकारी दी गई। सभी पेंशनरों को अंशदायी कैशलेश स्वास्थ्य बीमा के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए उसके लाभों से अवगत कराया गया तथा एसोसिएशन द्वारा की जा रही कार्यवाही से अवगत कराया गया।

### पेंशन की गारंटी व महॅगाई राहत का भुगतान की मॉग की

बैठक में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को प्रेषित किए जाने वाले मांग पत्र को पढक़र अवगत कराया गया। जिसमें पेंशनरों की मुख्य दो मांगों क्रमशः मध्यप्रदेश शासन मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के पेंशनर्स को पेंशन की गारंटी दे, जिससे पेंशनरों की पेंशन सुरक्षित हो सके एवं भारत सरकार के कर्मचारियों के अनुरूप महंगाई राहत का भुगतान किया जाए।

पेंशनर्स दिवस की अध्यक्षता महादेव पटले द्वारा की गई। इस अवसर पर आई डी पटले प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं संगठन सचिव, के एल गौतम अध्यक्ष एवं प्रांतीय प्रचार सचिव, जी एस नगपुरे, वी के भगत, महेंद्र सिंह राजपूत, आर पी करन, श्रीमती सरिता गुप्ता, श्रीमती सेजवंती बसने, श्रीमती सरिता ठाकरे उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सेवानिवृत एन के नागोत्रा और टी आर बिसेन का नव सदस्यों के रूप स्वागत किया गया। चूंकि आर एस सिंह का स्वर्गवास होने के कारण यशवंतराव पिपलेवार को कार्यवाहक सचिव मनोनीत सर्वसम्मति से किया गया और उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा आभार व्यक्त किया गया और दिवंगत कर्मचारियों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# स्काउट एवं गाइड के 7 दिवसीय प्रशिक्षण के हुआ समापन

## नैतिक शिक्षा को अपने जीवन में उतार कर सर्वांगीण विकास करे- मृणाल

वारासिवनी।





भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश जिला संघ द्वारा जिला प्रशिक्षण केंद्र टिहलीबाई स्कूल वारासिवनी में स्काउट गाइड के शिक्षकों का 7 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस 7 दिवसीय शिविर में प्रदेश के स्काऊट-गाईड के शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण शिविर का समापन 15 दिसम्बर को कलेक्टर मृणाल मीना के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

इस अवसर पर वारासिवनी एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, तहसीलदार तीरथ प्रसाद अक्षरिया, भारत स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष छगन हनवत, आयुक्त के जी बिसेन, डॉ विजयकांत तिवारी, स्काउट गाइड के अन्य पदाधिकारी एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले शिक्षक शिक्षिकाएॅ उपस्थित थे।

### लार्ड बेडन पावेल की प्रतिमा का किया गया अनावरण

कार्यक्रम के प्रारंभ में कलेक्टर श्री मीना द्वारा स्काउट गाइड की स्थापना करने वाले लार्ड बेडन पावेल की प्रतिमा का अनावरण किया गया। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। उसके बाद कलेक्टर श्री मीणा का स्काऊट गाईड की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

### प्रशिक्षण व्यक्ति के भौतिक और मानसिक संतुलन को बेहतर बनाने में मदद करता है

इस अवसर पर कलेक्टर श्री मीना ने अपने संबोधन में कहा कि स्काउट और गाइड का प्रशिक्षण व्यक्ति के भौतिक और मानसिक संतुलन को बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने स्काउट और गाइड प्रशिक्षुओं से आग्रह किया कि वह नैतिक शिक्षा को अपने जीवन में उतारें, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने स्काउट और गाइड प्रशिक्षुओं को उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उन्हें समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्काउट गाइड के टिहलीबाई स्कूल स्थित पुराने भवन के सुधार एवं मरम्मत आदि के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

### टिहलीबाई द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान रहा है-छगन हनवत

स्काउट गाइड जिला संघ अध्यक्ष छगन हनवत ने कार्यक्रम के प्रारंभ में बताया कि टिहलीबाई द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान देते हुए स्कूल भवन के लिए यह भूमि दान की गई थी। दान की गई भूमि पर बना यह भवन लगभग 80 साल पुराना हो गया है। इस भवन के एक हिस्से में भारत स्काउट गाइड जिला संघ का कार्यालय संचालित किया जा रहा है और इसमें स्काउट गाइड को प्रशिक्षण दिया जाता है। इस अवसर पर स्काउट गाइड जिला संघ पदाधिकारी पंचम हनवत, भेजेंद्र चौधरी, ललित मिश्रा, ईनेंद्र डहरवाल, डॉ. नीरज अरोरा, सुरेश कुर्वे, लखपति बिसेन, हरिप्रसाद देशमुख एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सिवनी रैक प्वाइंट पर 2395 मीट्रिक टन यूरिया पहुंचा

हरिभूमि न्यूज सिवनी। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के मार्गदर्शन में जिले के किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को सिवनी रैक प्वाइंट पर एच.यू.आर.एल. कंपनी की यूरिया रैक से कुल 2395 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त हुआ। उपसंचालक कृषि ने बताया कि इस रैक से डबल लॉक को 670 मीट्रिक टन, सहकारी समितियों को 780 मीट्रिक टन, मार्कफेड समिति को 140 मीट्रिक टन, एमपी एग्रो को 90 मीट्रिक टन तथा निजी क्षेत्र को 715 मीट्रिक टन यूरिया वितरित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में एन.एफ.एल. कंपनी से 1270 मीट्रिक टन, जबलपुर रैक प्वाइंट से इफको की 180 मीट्रिक टन तथा छिंदवाड़ा रैक प्वाइंट से एच.यू.आर.एल. की 450 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त होने का प्रस्ताव है।

# कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोतवाली और यातायात पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया

**सिवनी में यातायात व्यवस्था सुधारने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोतवाली और यातायात पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया।**



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मेहता के निर्देश पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने रात में शहर के भैरोगंज क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों पर पैदल गश्त की। इस गश्त का मुख्य उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाना और आपराधिक तत्वों में भय पैदा करना था। कोतवाली पुलिस और ट्रैफिक थाना पुलिस ने सोमवारी चौक, भैरोगंज से परतापुर रोड, पीजी कॉलेज होते हुए हनुमान व्यायाम शाला और जैन मंदिर तक भ्रमण किया। इस दौरान तीन सवारी वाले दुपहिया वाहनों, बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों और सड़क पर खड़े वाहनों पर विशेष ध्यान दिया गया।

### अभियान के तहत 14 वाहनों पर चालानी कार्रवाई

अभियान के तहत मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत कुल 14 वाहनों पर चालानी कार्रवाई की गई, जिनसे 5700 रुपए का जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले, नो-पार्किंग में वाहन खड़े करने वाले, दुपहिया वाहन पर तीन सवारी ले जाने वाले, मौके पर लाइसेंस प्रस्तुत न करने वाले और अनियमित नंबर प्लेट वाले 70 से अधिक चालकों को भी समझाइश दी। चालानी कार्रवाई के साथ ही सड़क किनारे दुकान लगाने वाले संचालकों को भी समझाया गया कि वे ग्राहकों के लिए वाहन खड़े करने की उचित जगह दें और पार्किंग स्थलों पर अनावश्यक सामान या बोर्ड न रखें। पुलिस ने कोचिंग सेंटरों के सामने विशेष रूप से गश्त की।

# खड़े ट्रक मे तेज रफ्तार कंटेनर टकराया

**सिवनी के छपारा थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनादौन मार्ग पर नेशनल हाईवे 44 पर एक सड़क हादसा हुआ।** छपारा के पास एक खड़े ट्रक से पीछे से आ रहा तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक टकरा गया। हादसे में कंटेनर ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वह ट्रक के भीतर फंस गया। घटना बुधवार शाम करीब 4.30 बजे की है।



**लोगों की सहायता से ट्रक में फंसे घायल चालक को निकाला**

प्रत्यक्षदर्शियों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस और एम्बुलेंस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की सहायता से ट्रक में फंसे घायल चालक को बाहर निकाला। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छपारा भेजा गया है।कंटेनर ट्रक सिवनी की ओर से जबलपुर जा रहा था पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कंटेनर ट्रक सिवनी की ओर से जबलपुर जा रहा था। छपारा थाना प्रभारी खेमेंद्र जेतवार ने बताया कि उन्हें कंटेनर ट्रक के टकराने की सूचना मिली थी। पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। घायल चालक के संबंध में भी विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। जिस स्थान पर यह हादसा हुआ, वहां लोगों और वाहनों का आवाजाही अधिक रहता है। यदि घटना के समय वहां अधिक लोग या वाहन मौजूद होते, तो यह एक बड़ा हादसा हो सकता था।

# ठरका खेडा में विशाल इनामी दंगल आज

**देशभर के पहलवान लगाएंगे दांव-पेंच**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला मुख्यालय से 10 किमी.दूर लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम ठरका खेडा में नव युवक मंडल समिति के तत्वाधान में ग्रामीण खेल परंपरा को जीवंत रखते हुए आज 19 दिसंबर 2025 शुक्रवार को विशाल इनामी दंगल का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मुख्य अतिथि सिवनी विधायक दिनेश राय 'मुनमुन' द्वारा दंगल का शुभारंभ दोपहर 12 बजे हनुमान जी महाराज की विधिवत पूजन-अर्चन से होगा। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन को लेकर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।दंगल के संचालक मुन्ना महाराज ने बताया कि इस ऐतिहासिक दंगल में मुख्य अतिथि के रूप में सिवनी विधायक दिनेश राय 'मुनमुन' शामिल होंगे। दंगल की खासियत यह है कि इसमें देश के विभिन्न हिस्सों से नामी पहलवान अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन करेंगे। दिल्ली, हरियाणा, महाराष्ट्र, पंजाब सहित इंदौर, भोपाल, छिंदवाड़ा और आसपास के क्षेत्रों से पहलवानों के आने की जानकारी आयोजकों ने दी है, जिससे मुकाबले बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।दंगल में 500 रुपये से लेकर 51 हजार रुपये तक की इनामी कुश्तियां रखी गई हैं।

आयोजकों के अनुसार प्रथम इनाम 51,000 रुपये, द्वितीय 31,000 रुपये, तृतीय 21,000 रुपये तथा चतुर्थ 11,000 रुपये निर्धारित किया गया है। बड़ी इनामी राशि के कारण पहलवानों में खासा जोश नजर आ रहा है। दंगल के संचालक मुन्ना महाराज ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अखाड़े की व्यवस्था, पहलवानों की सुविधा, दर्शकों के बैठने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि बड़ी संख्या में पहुंचकर इस पारंपरिक दंगल का आनंद लें और पहलवानों का उत्साहवर्धन करें।

### 21 को गोपालगंज में राष्ट्रीय एकता विशाल इनामी दंगल का आयोजन

सिवनी । प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 21 दिसंबर 2025 दिन रविवार को दोपहर 12:00 से ग्राम गोपालगंज में राष्ट्रीय एकता विशाल इनामी दंगल का आयोजन किया जाएगा। इस विशाल इनामी दंगल में देश के कोने कोने से पहलवान आते हैं एवं अपने अपने दांव पेंच दिखाते हैं। उक्ताशय की जानकारी देते हुए दंगल के आयोजक संयोजक एवं निर्णायक बाबा पहलवान गोपालगंज समस्त दंगल प्रेमियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर दंगल का आनंद लेने का आग्रह किया है।

# खेलो इंडिया अस्मिता लीग 2025: जिले की किक बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने वेस्ट ज़ोन प्रतियोगिता में चयन सुनिश्चित किया

स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशन में आयोजित खेलो इंडिया अस्मिता किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में सिवनी जिले की बालिका खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए आगामी वेस्ट ज़ोन किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता हेतु मध्यप्रदेश टीम में स्थान सुनिश्चित किया है।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सिवनी जिले की अनुप्रिया कौरव, अनन्या साहू एवं ईशा कमलेश ने स्वर्ण पदक, जबकि ऐश्वर्या ब्रह्मवंशी, ऐश्वर्या अवधवाल एवं प्रिया बैरागी ने रजत पदक अर्जित किए। उक्त चयनित खिलाड़ी दिनांक 25 से 28 दिसंबर 2025 तक इंदौर में आयोजित वेस्ट ज़ोन प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। सभी खिलाड़ी प्रशिक्षक श्री निकेश पद्माकर एवं श्री योगेश नाविक के मार्गदर्शन में प्रशिक्षणरत हैं।

इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन एवं खेल अधिकारियों द्वारा खिलाड़ियों को शुभकामनाएँ प्रेषित की गई हैं।




### इधर, गणित ओलम्पियाड में शासकीय हाई स्कूल तिघरा के छात्र प्रदीप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



मप्र के प्रत्येक ब्लॉक में 7 दिसम्बर को आयोजित की गई थी! इसके अंतर्गत प्रत्येक विकासखंड मुख्यालय से विज्ञान एवं गणित विषय में पृथक पृथक प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल तिघरा के होनहार विद्यार्थी प्रदीप सतनामी ने संस्था प्राचार्य अनुराग सक्सेना, विषय शिक्षक गजेंद्र बघेल और सभी शिक्षकों के मार्गदर्शन में ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले यह सभी विद्यार्थी दिनांक 28 दिसंबर 2025 को संभाग स्तर पर आयोजित ओलंपियाड परीक्षा में सहभागिता करेंगे । संभाग स्तर पर विजेता रहे विद्यार्थियों को प्रत्येक विषय में पांच पांच पुरस्कार दिए जाएंगे जिसमें प्रथम पुरस्कार 51000 द्वितीय पुरस्कार 31000 तृतीय पुरस्कार 21000 एवं 11-11000 के दो सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे

# निर्माणाधीन मकान के पास युवक की मिली लाश



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मुंगवानी रोड में अधिवक्ता राज गोस्वामी के निर्माणाधीन मकान के खाली पड़े हिस्से में एक अज्ञात पुरुष के शव की सूचना कोतवाली थाने में प्राप्त हुई थी। तत्काल पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंच कर शव की शिनाख्त कार्यवाही की गई जो अज्ञात शव की पहचान पंकज ठाकुर पिता स्व लवकुश ठाकुर उम्र 38 वर्ष निवासी मारजबाग भैरोगंज के रूप में हुई ।परिजनों से चर्चा की गई जो बताए कि पंकज रात्रि में पार्टी का जाने बोल के निकला था और अपने काम के सिलसिले में देर रात्रि ही घर वापस आता था।किंतु बहुत देर रात तक वापस नहीं आने पर काल लगाया था जो उठा नहीं रहा था । मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# पार्टी को और अधिक गति प्रदान करने कांग्रेस ने ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा कांग्रेस पार्टी को और अधिक गति प्रदान करने संगठन सृजन के अन्तर्गत प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन से मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी सिवनी में जिले की समस्त ब्लॉक/उपब्लॉक कांग्रेस कमेटी में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। जिसमें 1. बरघाट विधानसभा के बरघाट ब्लॉक से मनोज राहंगडाले, कुरई ब्लॉक से शिवनारायण उइके, सुकतरा ब्लॉक से तेजसिंह रघुवंशी, गंगेरूआ ब्लॉक से नीलकंठ बाहेश्वर। 2. सिवनी विधानसभा के सिवनी ग्रामीण ब्लॉक से किशोरीलाल कुंजाम, गोपालगंज ब्लॉक से कमलेश सनोडिया, सिवनी शहर से तनवीर अहमद, बंडोल ब्लॉक से संजय बघेल, मुंगवानी ब्लॉक से राजेश उर्फ राजू सनोडिया, बखारी ब्लॉक से सुरेश परते, चमारी ब्लॉक से प्रभातसिंह ठाकुर। 3. केवलारी विधान सभा के केवलारी ब्लॉक से सुभाष बघेल, उगली ब्लॉक से वीरेन्द्रराज पप्पू ठाकुर, कान्हीवाड़ा ब्लॉक से श्यामसिंह उर्फ बब्बू ठाकुर, धनौरा ब्लॉक से आदित्य नारायणसिंह विकास बघेल, छपारा ब्लॉक से गुलाब साहू। 4. लखनादौन विधानसभा के आदेगांव ब्लॉक से उत्तम धुर्वे, धूमा ब्लॉक से अरूण चौकसे, नागनदेवरी ब्लॉक से प्रकाश परते, सालीवाड़ा ब्लॉक से श्रीमती किरण करवेती, घंसौर ब्लॉक से विजय उइके, केदारपुर ब्लॉक से बसोरीलाल बल्लारी एवं लखनादौन ब्लॉक से दिनेश सिंह ठाकुर को ब्लॉक अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की नीतियों, सिंद्धांतो और संगठनात्मक अनुशासन के अनुसार कार्य कर अपने-अपने ब्लॉको में बूथ स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षो से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी, केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंशसिंह, लखनादौन विधायक योगेन्द्रसिंह बाबा, जिला प्रभारी, परासिया विधायक सोहन वाल्मीकी, प्रदेश कांग्रेस महामंत्री द्वय राजा बघेल, विनोद वासनिक, बरघाट के पूर्व विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया, पूर्व विधायक रमेश चंद जैन, पूर्व विधायक श्रीमती नेहासिंह, मो. समी अंसारी, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि हाजी मो. असलम खान, जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार खुराना, प्रसन्नचंद मालू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहनसिंह चंदेल, विष्णु करोसिया, देवीसिंह चौहान, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रैनवती मानेश्वर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष ब्रजेशसिंह लल्लू बघेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोडिया, आनंद भगत, साबिर अंसारी, शिव सनोडिया, घनश्याम सनोडिया, सेवकराम चन्द्रवंशी, विजय नाहटा, सुरेन्द्र करोसिया, अतुलचंद मालू, सुधीर जैन, पवन दिवाकर, सुजीत नाहटा, रत्नेश चौकसे, रंजीत यादव, शफीक खान, राजिक अकील, यशपाल भलावी, प्रकाश सूर्यवंशी, रमेश साहू, देवेन्द्र ठाकुर, राहुल उइके, अनिल मर्सकोले, विजय उइके, देवी चन्द्रवंशी, अजीजुर्रहमान बाबा भाई, सतीश सरयाम, द्रुपेन्द्र अमूले, नितिन डहेरिया, भुवनेश्वर शुक्ला, विद्याधर बाबा तिवारी, चित्रकांत शिवहरे, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आदित्य मोन्टू भूरा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती चित्रलेखा शाह नेताम, कांग्रेस सेवादल मुख्यसंगठक मुबारक खान, जिला एनएसयुआई अध्यक्ष धनंजय सिंह, राजीव मधुक्रिडिया, नितिन मिश्रा, ऋषभ ठाकुर, लोमेश शर्मा, उदयसिंह बघेल, सुंदरलाल जंघेला, सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष शिवदीप डहेरिया, डालचंद पप्पू पुसाम, खेलन राहगडाले, जिला, जनपद पंचायत, नगरपालिका, नगरपंचायत के निर्वाचित जनप्रतिनिधियो, जिले के समस्त वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं व कांग्रेस संगठन के सभी विभाग, प्रकोष्ठो के अध्यक्ष, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष, पदाधिकारियों सहित जिले के समस्त कांग्रेस जन ने अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, पूर्व कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी, एवं राष्ट्रीय जननायक कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री द्वय कमलनाथ, दिग्विजयसिंह, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेताप्रतिपक्ष उमंग सिंघार का आभार व्यक्त किया है।

# जिला रेडक्रॉस द्वारा बरघाट में लगाया गया निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी सिवनी के तत्वावधान में बीते दिवस वृद्धजन पेंशनरों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय शिविर में लगभग 150 से 160 पेंशनरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें निःशुल्क एलोपैथी एवं होम्योपैथी दवाइयों का वितरण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया।



यह शिविर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल ठाकुर एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. यषवंत माथुर के मार्गदर्शन में, चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीपांडे के नेतृत्व में आयोजित किया गया। शिविर में डॉ. नेहा गौतम, डॉ. अनुश्री धुर्वे, डॉ. वसुंधा चौहान, डॉ. विनोद भंडारकर, सहित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में माया विश्वकर्मा, पुष्पा कटरे, श्रीमति अभिलाषा राहंगडाले, डॉ. लता उईके, डॉ. वंदन जगेत, डॉ. मनीष राहंगडाले, डॉ. लता उईके, श्रीमति इंद्रकला पटले, सहित गायत्री बिसेन, सहित पैरामेडिकल स्टाफ ने भी सक्रिय सहयोग किया। जिला रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से अनूप मिश्रा, डॉ. बसंत राय, डॉ. एस. इस्माइल मंसूरी, डॉ. भुवन कटरे, जय श्रीवास्तव सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शिविर में उपस्थित वृद्धजन पेंशनरों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं स्वास्थ्य विभाग का आभार व्यक्त किया।

# भूमि हस्तांतरण पर किंदरई की ग्राम सभा ने आपत्ति लगाई

हरिभूमि न्यूज घंसौर।

**नायब तहसीलदार कार्यालय घंसौर से जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि पेंच व्यपर्तन बांध जल संसाधन विभाग को ग्राम किंदरई पटवारी हल्का नंबर - 57 स्थित 190 हेक्टेयर शासकीय व अन्य भूमि आवंटन के लिए प्रस्ताव आया है।**

अगर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ती हो तो 17 दिसंबर तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इस पत्र को लेकर दिनांक 15 दिसंबर को किंदरई की ग्राम सभा आयोजित हुई। ग्राम सभा में राज्य शासन द्वारा किंदरई ग्राम की भूमि किसी विभाग को आवंटन हेतु जो प्रस्ताव आया था उसे पढक़र सुनाया गया। चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संबंधित भूमि ग्राम सभा की सार्वजनिक उपयोग की भूमि है,जिसका उपयोग ग्राम वासियों द्वारा वर्षों से किया जा रहा है। उक्त भूमि पर ग्राम के सामुदायिक कार्य, रास्ता,चराई आदि सार्वजनिक प्रयोजन निर्भर है। इसलिए ग्राम सभा द्वारा कोई सहमति प्रस्ताव पारित नहीं किया गया है। विकास खंड घंसौर पांचवीं अनुसूची में अधिसूचित है, जहां पेसा कानून प्रचलित है, इसलिए ग्राम सभा की सहमति के वगैर भूमि का हस्तांतरण किसी विभाग को नहीं किया जाए। ज्ञात हो कि गांव में स्थित जल-जंगल-जमीन पर आजीविका के लिए निर्भर समाज के अधिकार को मध्यप्रदेश में निस्तार हक को मान्यता है।

आजादी के बाद सी.पी.एण्ड बरार और बाद में पुराने मध्यप्रदेश की सरकारों ने भू- राजस्व संहिता में प्रावधान कर निस्तार हक को कानूनी मान्यता प्रदान की। प्रत्येक राजस्व गांव का निस्तार पत्रक बनाकर उसे पटवारी रिकॉर्ड में रखा गया है। ग्राम सभा से पारित प्रस्ताव को आवेदन बना कर किंदरई सरपंच संगीता करयाम और सचिव कृष्णा कुलस्ते के हस्ताक्षर से नायब तहसीलदार कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। तहसील कार्यालय घंसौर में आवेदन प्रस्तुत करते समय सरपंच, सचिव, जनपद सदस्य लोकू मरकाम, हीरा करियाम, डी.पी.ग्रियाम, सहमतिया नेताम और हरिओम नागेश उपस्थित थे।

### भाजपा उपाध्यक्ष डॉ नवल किशोर श्रीवास्तव ने ओर केवलारी विधानसभा के मंडल अध्यक्षों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

भाजपा के सिवनी जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर नवल किशोर श्रीवास्तव ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से सौजन्य भेंट की गई इस अवसर माननीय मुख्यमंत्री से केवलारी विधानसभा क्षेत्र के महत्वपूर्ण कार्यों एवं जन समस्याओं को लेकर विशेष चर्चा कर पत्र सौंपा गया विशेष रूप से मक्के के दाम को लेकर मुख्यमंत्री विशेष चर्चा की गई केवलारी विधानसभा क्षेत्र के सभी विकास खंड की अलग अलग विभिन्न मांगों एवं समस्यायों पर विस्तार से चर्चा की गई। धनौरा के पेय जल की समस्या धनोरा के महाविद्यालय की प्रशासकीय स्वीकृति धनोरा में खेल मैदान विद्युत वोल्टेज की समस्या इसी प्रकार सभी मंडलों की महत्वपूर्ण मांगों पर चर्चा की गई इस अवसर पर जिला भाजपा उपाध्यक्ष डॉ नवल किशोर श्रीवास्तव ओर केवलारी विधान सभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष सुजीत मिश्रा धनोरा अनूप बघेल मंडल अध्यक्ष केवलारी सचिन राजपूत मंडल अध्यक्ष छिन्दा इंद्र कुमार जांघेला मंडल अध्यक्ष कन्हीवाड़ा विजय चौधरी मंडल अध्यक्ष उगली निलेश ठाकुर मंडल अध्यक्ष पलारी उपस्थित रहे सभी मंडल अध्यक्ष बंधुओं ने अपने क्षेत्र की मूल भूत समस्याओं पर माननीय मुख्यमंत्री से विस्तृत चर्चा किया मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को आश्वासन देते हुए प्रमुख सचिव को निर्देश दिया साथ ही जिला कलेक्टर को स्थानीय समस्यायों का तत्काल निराकरण कराने का निर्देश दिलाया।



# गुना में आयोजित जूनियर रेडक्रॉस सह सद्भावना शिविर में जिले के प्रतिभागियों ने की सहभागिता

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस सह सद्भावना का 05 दिवसीय शिविर दिनांक 12.12.2025 से 16.12.2025 तक क्रान्तिवीर तात्याटोपे विश्वविद्यालय गुना, लाडली पथ जगनपुरचक गुना म.प्र. में आयोजित किया गया। इस शिविर में प्रदेश के 28 जिले के जूनियर रेडक्रॉस दल ने अपनी सहभागिता प्रदान की। इस शिविर के उद्घाटन रेडक्रॉस के चेयरमेन श्री श्याम सिंह कुमरे ने किया। जिसमें रेडक्रॉस नियम, प्रार्थना, शारीरिक प्रदर्शन, मार्चपास्ट एवं रेडक्रॉस से संबंधित सभी विधाओं की जानकारी शिविरार्थियों को प्रदान की गई। इस शिविर में जिला शिक्षा अधिकारी एस.एस.कुमरे के मार्गदर्शन एवं पूर्व जिला संगठक अनंत राहंगडाले प्राचार्य शास.हाईस्कूल टिकारी एवं वर्तमान जिला संगठक प्रदीप हनवत शास. उ.मा. वि. कान्हीवाड़ा के निर्देशन में जिले के काउन्सलर मुरलीधर गौतम शास.उ.मा.वि. बुढ़ैनाकलां एवं श्रीमती वीणा चंदेल शास.कन्या हाईस्कूल कान्हीवाड़ा के साथ जूनियर दल के मयंक ठाकुर, विवेक कुर्वेती, भावेश ब्रम्हे, अथर्व यादव, शिवम हरदे, धनेश्वर यादव, पुष्पा चौरसिया, विपाशा श्रीवास, रागिनी ठाकरे, तालेबा खान, चाँवला गेडाम एवं वैशाली जंघेला ने जिला का प्रतिनिधित्व कर इस शिविर को सफल बनाने में अपनी सहभागिता प्रदान कर फेन्सीडेस, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा मयंक ठाकुर ने मार्चपास्ट में बेहतर प्रदर्शन कर मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया।

## कृषि शिक्षा में छात्र-छात्राओं का भविष्य में बेहतर अवसर

# कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी में नवीन व्यावसायिक शिक्षण एवं औद्योगिक प्रशिक्षण भ्रमण अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अरी, जिला सिवनी के नवीन व्यावसायिक शिक्षण में अध्यनरत कक्षा 9वी, 11वीं एवं 12वीं में अध्यनरत 150 छात्र-छात्राओं द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र में शैक्षणिक भ्रमण किया गया, इस दौरान केंद्र प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल द्वारा छात्र-छात्राओं को कृषि के क्षेत्र में बेहतर भविष्य एवं रोजगार की दृष्टिकोण से विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि कृषि का क्षेत्र अनेक अवसर प्रदान करता है आप भविष्य में कृषि शिक्षा के माध्यम से अनेक नवाचार, शोध, स्टार्टअप खेती में नवीनतम तकनीक आदि विषय पर विस्तार से जानकारी दी।साथ ही कृषि विज्ञान केंद्र के पोषण वाटिका एवं क्राफ्ट कैफेटेरिया के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।भ्रमण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ राजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा केंद्र की विभिन्न यूनिट जैसे केंचुआ खाद उत्पादन इकाई, अजोला उत्पादन इकाई, पशुपालन इकाई, अमरूद का उद्यान, नेपियर खास उत्पादन इकाई आदि का भ्रमण करवाया गया एवं जानकारी दी गई ।इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ के के देशमुख, डॉ एन के सिंह, डॉ आर के ठाकुर, इंजी. कुमार सोनी, डॉ जी के राणा, डॉ केपीएस सैनी केद्वारा कृषि विज्ञान के विषय में मार्गदर्शन दिया।

# सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश

**सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण को लेकर कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा प्रतिदिन आधार पर सतत समीक्षा की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



इसी क्रम में गुरुवार 18 दिसम्बर को कलेक्टर श्रीमती पटले ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी विभागों की बैठक लेकर लंबित शिकायतों की विस्तृत समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिलेवार रैंकिंग में लंबित शिकायतों को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, राजस्व, पीएचई, जल निगम सहित अधिक शिकायत वाले अन्य विभागों को विशेष ध्यान देते हुए प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रभावी कदम उठाने को कहा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि सीएम हेल्पलाइन की प्रत्येक शिकायत का निराकरण गुणवत्तापूर्ण, नियमानुसार एवं संतोषजनक रूप से किया जाए, ताकि आम नागरिकों को समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान प्राप्त हो सके।

## खबर संक्षेप

### 15 जनवरी तक समर्थन मूल्य पर होगी कोदो-कुटकी की खरीदी

बालाघाट। मध्यप्रदेश शासन की रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश के 15 जिलों में कोदो एवं कुटकी की खरीदी श्रीअन्न फेडरेशन के माध्यम से निर्धारित समर्थन मूल्य पर प्रारंभ कर दी गई है। इस योजना के तहत बालाघाट जिले में नरेन्द्र हनुमत (मोबाइल नंबर 9685517707) को केन्द्र प्रभारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पहली बार मोटे अनाज (मिलेट्स) की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास श्री फूलसिंह मालवीय ने बताया कि शासन द्वारा कोदो का समर्थन मूल्य 2,500 रुपये प्रति क्विंटल तथा कुटकी का समर्थन मूल्य 3,500 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शासन द्वारा अतिरिक्त 1,000 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस भी दिया जाएगा। उपार्जन की अधिकतम सीमा 7 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तय की गई है। बालाघाट जिले में इस योजना के अंतर्गत 790 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिले के सभी पंजीकृत किसानों से आग्रह किया गया है कि वे 15 जनवरी 2026 की अंतिम तिथि से पूर्व अपनी उपज निर्धारित खरीदी केन्द्रों पर लेकर पहुंचें। किसी भी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी या सहायता के लिए किसान अपने नजदीकी कृषि अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

### 30 वर्ष पूर्व की भविष्यवाणी का स्मरण रामटेक के श्री छोटू जी महाराज ने की थी भविष्यवाणी



बालाघाट जिले के श्री विष्णुधाम मंदिर, हीरापुर में विश्व की सर्वाधिक ऊँची 205 फीट श्री हनुमान जी की प्रतिमा के निर्माण को लेकर एक ऐतिहासिक एवं भावनात्मक बैठक 14 दिसंबर रविवार को सम्पन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से श्री किरण भाई त्रिवेदी जी, श्री वैभव कश्यप जी, श्री यज्ञेश लालू चावड़ा जी एवं श्री अभिजीत तुरकर जी सहित क्षेत्र के अनेक प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

**30 वर्ष पूर्व की भविष्यवाणी का स्मरण**-कार्यक्रम में बताया गया कि लगभग 30 वर्ष पूर्व रामटेक महाराज से मंदिर पधारे संत श्री छोटू जी महाराज ने भविष्यवाणी की थी कि— "आने वाले 30 वर्षों में यह मंदिर आसपास के सात जिलों के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा और यहां भव्य धार्मिक निर्माण होंगे।" आज हिंदू मान्यताओं के अनुसार उनकी यह भविष्यवाणी सत्य होती दिखाई दे रही है, क्योंकि वर्ष 1995–2005 के पश्चात लगभग 30 वर्षों में श्री विष्णुधाम मंदिर में 205 फीट विशाल श्री हनुमान जी की प्रतिमा निर्माण को लेकर कार्ययोजना बनाई गई है । कार्यक्रम में उपस्थित श्री यज्ञेश लालू चावड़ा जी ने कहा कि"श्री विष्णुधाम मंदिर सामाजिक एकता और धर्म का केंद्र है। 205 फीट हनुमान प्रतिमा बनने से यह स्थल राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध होगा। यह सपना किसी एक व्यक्ति का नहीं, पूरे समाज का है। सभी वर्गों का सहयोग इस कार्य को ऐतिहासिक बनाएगा।"इस अवसर पर श्री किरण भाई त्रिवेदी जी ने कहा कि "श्री विष्णुधाम मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं, बल्कि हमारी आस्था और संस्कृति की आत्मा है। 205 फीट हनुमान प्रतिमा का निर्माण क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक गौरव बनेगा। यह कार्य समाज की एकता से ही पूर्ण होगा। मुझे पूर्ण विश्वास है कि श्री राम और बजरंगबली की कृपा से यह संकल्प अवश्य साकार होगा । कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख वक्ता श्री वैभव कश्यप जी ने कहा कि "भगवान श्री हनुमान शक्ति, सेवा और समर्पण के प्रतीक हैं।

## कलेक्टर ने ली कृषि, सिंचाई एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक

# रबी सीजन में फसलों की सिंचाई तैयारियों की हुई समीक्षा






बालाघाट

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 18 दिसम्बर को कृषि, सिंचाई एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर चालू रबी सीजन में फसलों की सिंचाई संबंधी तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के जलाशयों में उपलब्ध पानी का रबी फसलों की सिंचाई के लिए समुचित उपयोग करने के निर्देश दिये और कहा कि तीनों विभागों के अधिकारी परस्पर समन्वय बनाकर रबी फसलों की सिंचाई के लिए कार्य करें।

कलेक्टर श्री मीना ने बैठक में कहा कि जिले के किसानों को रबी सीजन में धान की बजाय कम पानी में पकने वाली अन्य फसले लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए और इन फसलों के बीज किसानों को उपलब्ध कराकर समय सीमा में उनकी बोवाई करायी जाए। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष रबी सीजन में धान का रकबा कम होना चाहिए और अन्य रबी फसलों का रकबा बढ़ना चाहिए। इसके लिए कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को किसानों से सतत सम्पर्क करने एवं मार्गदर्शन देने के निर्देश दिये गए। रबी फसलों के लिए किसानों को पर्याप्त मात्रा में आवश्यकता के अनुसार उर्वरक उपलब्ध करान के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने कृषि विभाग के अधिकारियो से कहा कि जिले में कहीं पर भी पराली जलाने की घटना नही होना चाहिए। यदि कोई किसान पराली जलाता है तो उस पर कार्यवाही करें और ऐसे किसान से जुर्माने की राशि उसके द्वारा समर्थन मूल्य पर बेची गई धान की राशि से वसूल की जाए। नरवाई प्रबंधन के लिए जिले में लक्ष्य के अनुरूप हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, बेलर एवं स्मार्ट सीडर किसानों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गए।

सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जिले के जलाशयों में उपलब्ध पानी का रबी फसलों की सिंचाई में व्यवस्थित उपयोग सुनिश्चित करें। सिंचाई के दौरान नहरों को क्षतिग्रस्त करने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कार्यवाही करें। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कृषि एवं सिंचाई विभाग से समन्वय कर आवश्यकता के अनुसार किसानों को सिंचाई के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन देना और किसानों को निर्धारित घंटो तक प्रतिदिन बिजली की आपूर्ति करना सुनिश्चित करें।

बैठक में उपसंचालक कृषि द्वारा बताया गया कि गत वर्ष रबी सीजन में जिले के 47 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल और 34 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूँ की फसल लगायी गई थी। इस वर्ष धान की फसल का रकबा कम हो रहा है और अन्य रबी फसलों का रकबा बढ़ रहा है। इस वर्ष अब तक लगभग 30 हजार हेकटेयर क्षेत्र में गेहूँ की बोवाई की जा चुकी है। गत वर्ष 20 हजार हेक्टेयर में चना लगाया गया था, जो इस वर्ष बढ़कर 25 हजार हेक्टेयर हो गया है। इसी प्रकार गत वर्ष की तुलना में राई-सरसों का रकबा 09 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 21 हजार 500 हेक्टेयर, अलसी का रकबा 05 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 08 हजार हेक्टेयर, मसूर का रकबा 400 हेक्टेयर से बढ़कर 600 हेक्टेयर एवं उड़द का रकबा 500 हेक्टेयर से बढ़कर 3000 हेक्टेयर तक पहुंच गया है। इस सीजन में जिले के 900 हेक्टेयर क्षेत्र में गन्ना लगाया जा चुका है। रबी फसलों की बोनी का कार्य जनवरी माह के प्रथम सप्ताह तक चलता रहेगा। उपसंचालक कृषि द्वारा बताया गया कि जिले में रबी फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक का भंडारण उपलब्ध है।

बैठक में सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि जमुनियाँ, नहलेसरा, ढूटी, गांगुलपारा, राजीव सागर एवं अन्य सिंचाई परियोजनाओं से रबी फसलों की सिंचाई के लिए 14 दिसम्बर से नहरों में पानी छोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि जिले में लगभग 2800 किमी लंबाई की नहरे है, इनमे से 2200 किमी लंबाई की नहरे कच्ची है और 600 किमी लंबाई में नहरों की लाइनिंग का कार्य हुआ है। जिले की सभी नहरों का लाइनिंग कार्य हो जाएगा तो जिले में सिंचाई की क्षमता बढ़ जाएगी। ढूटी परियोजना की बायीं तट नहर के लाइनिंग का प्रस्ताव केंद्रीय जल आयोग दिल्ली को भेजा गया है। बाघ परियोजना की नहरों के लाइनिंग के लिए 43 करोड़ का प्रस्ताव मुंबई को भेजा जा चुका है।

बैठक में मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक घरों में सोलर पैनल लगाने की कार्यवाही करें। इसी प्रकार किसानों को अनुदान पर सोलर पंप लगाने के प्रस्ताव तैयार कर सोलर पंप लगवाएँ।

बैठक में जल संसाधन विभाग के अधीक्षण यंत्री श्री यूएस परते, वैनगंगा संभाग, जल संसाधन सर्वेक्षण संभाग एवं बंजर संभाग के कार्यपालन यंत्री, उपसंचालक कृषि श्री फूलसिंह मालवीय, सहायक संचालक श्री राजेश खोबरागढ़े, मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण अभियंता श्री अमित कुमार, वारासिवनी, बालाघाट एवं बैहर संभाग के कार्यपालन यंत्री तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी में "कॉलेज चलो अभियान 2026–27" का आयोजन

बालाघाट। शासकीय महाविद्यालय खैरलांजी के प्राचार्य श्री के.एल. हिवारे के निर्देशन में 18 दिसम्बर को "कॉलेज चलो अभियान 2026–27" का आयोजन किया गया। यह अभियान स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के कार्यक्रम प्रभारी श्री रोहित कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में दिनांक 16 दिसंबर 2025 को संचालित हुआ। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय की प्राध्यापक टीम ने सी.एम. राइज (संदीपनि) विद्यालय खैरलांजी एवं कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरलांजी का भ्रमण कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ना तथा शैक्षणिक सत्र 2026–27 में अधिक से अधिक प्रवेश सुनिश्चित करना रहा।कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य श्री के.एल. हिवारे द्वारा छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं, सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यक्रम संरचना एवं भविष्य की शैक्षणिक संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्रवृत्ति प्रभारी श्री वीरेंद्र कुमार पटले ने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे गाँव की बेटी योजना, मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी योजना, एससी/एसटी एवं ओबीसी वर्ग के विद्यार्थियों हेतु पोस्टमैट्रिक छात्रवृत्ति, संबल, आवास एवं अन्य प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी प्रदान की। स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (रेड रिबन क्लब) के प्रभारी श्री रोहित कुमार पाण्डेय ने विद्यार्थियों को कॅरियर मार्गदर्शन योजना, राष्ट्रीय सेवा योजना के पंजीयन एवं इनके भविष्य में महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

## मनरेगा की कपिलधारा कूप योजना से बदली किसान दिनेश उइके की तक़दीर

बालाघाट

ग्रामीण विकास की दिशा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत संचालित कपिलधारा कूप निर्माण योजना किसानों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना ने बालाघाट जिले के एक छोटे किसान की जिंदगी में ऐसा बदलाव लाया, जो आज पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गया है।




यह कहानी है जनपद पंचायत परसवाड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरजा के निवासी किसान श्री दिनेश उइके की। वर्षा पर निर्भर खेती होने के कारण उनकी फसल का उत्पादन अनिश्चित रहता था। सिंचाई सुविधा के अभाव में न तो फसल समय पर हो पाती थी और न ही पर्याप्त आमदनी मिल पाती थी। सीमित आय के कारण परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करना भी चुनौतीपूर्ण था। इसी बीच पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से मनरेगा अंतर्गत कपिलधारा कूप निर्माण योजना में उन्हें 02 लाख रुपये की स्वीकृति मिली। योजना के तहत कुएँ का निर्माण पूर्ण होते ही उनकी खेती को एक स्थायी सिंचाई स्रोत मिल गया। यही वह मोड़ था, जिसने किसान की दिशा और दशा दोनों बदल दी। कुएँ से नियमित जल उपलब्ध होने पर श्री उइके ने परंपरागत खेती के साथ-साथ सब्जी उत्पादन की ओर कदम बढ़ाया। टमाटर, भिंडी, बैंगन, मिर्च और मौसमी सब्जियों की खेती शुरू की। समय पर सिंचाई, उन्नत खेती पद्धतियों और मेहनत के चलते उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। आज वह अपनी उपज स्थानीय बाजार में बेचकर नियमित और अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं।

सब्जी उत्पादन से मिलने वाली नकद आय ने उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत कर दिया है। बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और घरेलू जरूरतें अब आसानी से पूरी हो रही हैं। साथ ही, उनकी सफलता देखकर आसपास के ग्रामीण भी प्रेरित हो रहे हैं और मनरेगा की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आ रहे हैं।

श्री दिनेश उइके की यह सफलता कहानी इस बात का प्रमाण है कि मनरेगा की कपिलधारा कूप निर्माण योजना केवल रोजगार सृजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह किसानों को स्थायी आजीविका, जल संरक्षण और आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर भी ले जाती है। सही योजना, प्रभावी क्रियान्वयन और किसान की मेहनत मिलकर ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव की मजबूत नींव रख सकते हैं।

## कश्मीरी नदी के गौली पनघट में चला जल संचय अभियान, किया गया बोरी बंधान




बालाघाट

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैहर के गढ़ी सेक्टर अंतर्गत ग्राम माना स्थित ऐतिहासिक स्थल गौली पनघट पर जल संचय को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। परिषद के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था युग शक्ति महिला मंडल समिति, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति माना एवं ग्रामवासियों के सहयोग से कश्मीरी नदी पर बोरी बंधान कर जल संरक्षण का कार्य किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित विकासखंड समन्वयक महेश पटले ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रकृति द्वारा प्रदत्त संसाधनों का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। जल प्रकृति का अनमोल उपहार है, जिसे व्यर्थ बहने से रोकना आवश्यक है। छोटे-छोटे जल स्रोतों पर बोरी बंधान कर जल संचय किया जा सकता है, जिससे भविष्य में पशुपालन एवं कृषि सिंचाई में लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की मंशा भी जन सहयोग से बहते पानी को रोककर गर्मियों तक उपयोगी बनाना है। मेंटर्स आकांक्षा तेकाम, संगीत रावी, भंवर सिंह मेरावी एवं नवांकुर संस्था प्रमुख मंजुलता चौधरी ने भी जल संचय अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले समय में पानी की समस्या और गंभीर होगी। ऐसे में नदियों एवं नालों में व्यर्थ बहते पानी को बोरी बंधान के माध्यम से रोकना आवश्यक है।

अभियान के दौरान सभी उपस्थितजनों ने कश्मीरी नदी के तीन गौली पनघटों पर जल संचय की शपथ ली। इस अवसर पर सीएमसीएलडीपी के सामाजिक कार्यकर्ता भूमेश्वरी टेम्भरे, सोनिका यादव, आरती मरकाम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।




### कॉलेज चलो अभियान के तहत एसएसपी महाविद्यालय द्वारा

## छात्र-छात्राओं से किया गया संपर्क

बालाघाट



मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय शंकर साव पटेल कला, वाणिज्य एवं विधि महाविद्यालय, वारासिवनी में सत्र 2026-27 के अंतर्गत "कालेज चलो अभियान" का आयोजन किया गया। यह अभियान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसएस गेड़ाम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय के डॉ. अनिरुद्ध सिंह काकोड़िया (सहायक प्राध्यापक, अर्थशास्त्र) एवं डॉ. मनोज गजभिये (अतिथि विद्वान, रसायनशास्त्र) द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला नेवरगांव एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बड़गांव का भ्रमण किया गया। इस दौरान कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से संपर्क स्थापित कर उन्हें नवीन शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम, मेजर एवं माइनर विषयों के चयन, अन्य शैक्षणिक गतिविधियों, छात्रवृत्तियों, विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस संपर्क अभियान का मुख्य उद्देश्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में प्रवेश से लेकर परीक्षा तक की समस्त प्रक्रिया से अवगत कराना था, ताकि प्रवेश के समय उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। महाविद्यालय द्वारा प्रवेश से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु हेल्प डेस्क की स्थापना भी की गई है, जहां छात्रों की अन्य शैक्षणिक समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा। इस दौरान बताया गया कि भविष्य में भी अन्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में इसी प्रकार समय-समय पर संपर्क अभियान चलाया जाएगा, जिससे छात्र-छात्राओं को उनके अध्ययन एवं करियर से जुड़ी समस्याओं का समाधान मिल सके।

## पी.जी. कॉलेज में रामानुजन सप्ताह के अंतर्गत शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

बालाघाट

प्रधानमंत्री एक्सीलेंस शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की स्मृति में आयोजित रामानुजन सप्ताह के अंतर्गत तीसरे दिन निबंध प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री विनोद इलकर, प्राध्यापक, विवेक ज्योति महाविद्यालय, बालाघाट तथा श्री विनोद गौतम, वरिष्ठ गणित अध्यापक, विवेक ज्योति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बालाघाट उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।




प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच एवं विषयगत ज्ञान का प्रभावी प्रदर्शन किया। निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रामानुजन के जीवन, योगदान और गणित के महत्व पर विचार प्रस्तुत किए, वहीं क्विज प्रतियोगिता में गणित से संबंधित रोचक प्रश्नों के माध्यम से प्रतिभागियों की त्वरित निर्णय क्षमता का आकलन किया गया। मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में गणित के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीनिवास रामानुजन का जीवन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने बताया कि ऐसे शैक्षणिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं तथा उनमें रचनात्मकता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों की सराहना की गई और आगामी गतिविधियों के सफल आयोजन की शुभकामनाएँ दी गईं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत परसवाड़ा, रतनारा जनपद पंचायत बालाघाट**

**निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत परसवाड़ा (रतनारा) मे वित्तीय वर्ष 2025.26 मे सांसद/विधायक निधि, गौण खनिज, मनरेगा, 5वा वित्त आयोग, 15वा वित्त आयोग, 14वा वित्त आयोग, सर्व शिक्षा, स्वच्छ भारत मिशन, पर फारमेंस ग्रांट, करारोपण, जनपद स्तर/जिला स्तर व अन्य मदो से विभिन्न वित्तीय कार्य किया जाना है। जिसके लिए सामग्री लोहा, सीमेंट, ईट, गिट्टी, गिट्टा, मुरुम, मिट्टी, परिवहन, रेत, PVC पाइप, सीमेंटपाइप, सेंटिग, पॉलीथिन, तार, कील,बोल्डर, मिक्सर मशीन, वायबरेटर आदि हेतु दिनाक 15/12/2025 से 21/12/2025 तक बंद लिफाफे मे निविदा आमंत्रित है। इच्छुक ठेकेदार कार्यालयीन समय मे आकर कार्यालय मे निविदा जमा कर सकते है। निविदा के संबंध मे विस्तृत जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।

सचिव
श्री सेवकराम पाँचे

उपसरपंच
श्री दीपक दमाहे

सहायक सचिव
श्री नवीन श्रीवास

सरपंच
श्रीमती मीना बागड़े
ग्राम पंचायत परसवाड़ा, रतनारा
जनपद पंचायत बालाघाट